Udaipur . Wednesday
04/12/2019
पत्रिका

## उद्यमिता जागरूकता शिविर शुरू

**उदयपुर** • ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का उद्घाटन हुआ। स्टार्टअप से सफल युवा उद्यमी बने चेतन जैन ने कहा कि हमारे सामने स्टार्ट अप्स कर सफलता प्राप्त करने के सैकड़ों उदाहरण हैं। प्रत्येक युवा के लिए रोजगार चाहिए। सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि 8 घंटे कार्य करने की मानसिकता का त्याग कर 18 घंटे कार्य करना पसंद करने वाले ही सफल उद्यमी बन पाते हैं। डॉ. एएन. माथुर, डॉ. रीना शर्मा, डॉ. राशि माथुर ने विचार व्यक्त किए।

उदयपुर, बुधवार 04 दिसंबर, 2019 | 04
भास्कर

## स्टार्टअप कर अपने सपने को जिएं : जैन




**उदयपुर** | अपने टेलेंट पर भरोसा है, परिश्रम की दृढ़ इच्छा शक्ति है, धैर्य है तो स्टार्ट अप बेहतर विकल्प है। यह बात ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान में तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर में युवा उद्यमी चेतन जैन ने कही। उधोग, प्रबंधन, बैंकिंग सेक्टर के एक्सपर्ट ने व्यवसाय शुरू करने पर विचार साझा किए। एसबीआई के पूर्व प्रबंधक सुबोध कुमार सक्सेना ने बैंकों के बारे में बताया।

उदयपुर, गुरुवार 23 जनवरी, 2020 | 02

# भास्कर

## उद्यमिता व कौशल विकास के बारे में बताया




उदयपुर | ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान में बुधवार को उद्यमिता जागरूकता शिविर लगा। इसमें छात्रों को उद्यमिता और कौशल विकास के बारे में बताया गया। उद्यमी की विशेषता, उपलब्ध अवसरों, लाभ प्राप्ति एवं बेरोजगारी की समस्या के समाधान पर चर्चा की गई।

Page - 4

**राजस्थान पत्रिका** . उदयपुर, गुरुवार, 23 जनवरी, 2020


## जागरुकता शिविर

उदयपुर . ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन संस्थान में उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान फाइनेंशियल कारपोरेशन के प्रवीण पारिख, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक के ब्रान्च मैनेजर इन्दु शेखर व्यास ने उद्यमिता एवं कौशल विकास पर विचार व्यक्त किए। संचालन नेहा आमेटा ने किया। भरत आमेटा, बारूराम, डॉ. ए.एन. माथुर, डॉ. रक्षा शर्मा, प्राचार्य डॉ. रीना शर्मा, डॉ. राशि माथुर ने विचार व्यक्त किए।

# दैनिक नवज्योति

उदयपुर, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2019 6


## विज्ञान के विद्यार्थी भी कर सकते हैं व्यापार



उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के विज्ञान संकाय में आयोजित तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर में मुख्य वक्ता प्रशांत वाजपेयी ने बताया कि तकनीक के साथ सामंजस्य बैठाकर सफल व्यवसाय किया जा सकता है। व्यापार में सिर्फ अधिक पूंजी के निवेश को सफलता नहीं माना जा सकता है। सफल व्यवसाय करने के लिए क्वालिटी प्लॉन और आइडिया होना चाहिए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रीना शर्मा ने कहा कि बाजार और मांग को ध्यान में रखकर शुरू किया गया व्यापार सफल होता है। प्रो. एएन माथुर ने कहा कि किसी भी संगठन में हमारा तभी महत्व है, जब हम उस संगठन के लिए उपयोगी हों। उस संस्थान के लाभ को बढाने में हमारा योगदान ही हमें एक अच्छा कार्मिक बनाता है। डॉ. शीला भटूट ने भी व्यापार में सफलता प्राप्त करने के टिप्स दिए।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, बुधवार, 5 फरवरी 2020 5

## ऐश्वर्या कॉलेज में लगेगा उद्यमिता विकास शिविर

**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर ।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद एक माह का उद्यमिता विकास कार्यक्रम ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुरू करेगा। यह कार्यक्रम 17 फरवरी से 17 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में तकनीकी एवं विज्ञान विषय के स्नातक जिनकी रुचि स्वरोजगार एवं उद्यमिता में है, भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण निःशुल्क होगा। इच्छुक व्यक्ति अपना पंजीयन 13 फरवरी तक करवा सकते हैं।

पत्रिका सिटी सरोकार

उदयपुर, बुधवार, 05 फरवरी, 2020 06

## उपभोक्ताओं के अधिकार पर सेमिनार

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**उदयपुर.** उपभोक्ता अधिकार संगठन सिटी उदयपुर की ओर से उपभोक्ताओं के अधिकार पर मंगलवार को ऐश्वर्या कॉलेज में सेमिनार हुई। मुख्य अतिथि व प्रमुख वक्ता उपभोक्ता अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन शर्मा, राजस्थान प्रदेश की अध्यक्ष राजश्री गांधी ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र यादव, दलपत जैन व संभागीय अध्यक्ष जिनेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि ऐश्वर्या कॉलेज की प्रिंसिपल रीना शर्मा, अक्षय शर्मा व राशि माथुर रहे। संचालन महिला सिटी अध्यक्षा मनीषा जैन व सम्भागीय सचिव प्रदीप रवानी ने किया।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2020 8

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

ब्यूरो नवज्योति/ उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एसएम माथुर ने किया। डॉ. माथुर ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत सफल उद्यमियों की नवीन औद्योगिक स्टार्टअप की जानकारी साझा की एवं छात्रों को उद्यमिता, स्वरोजगार, आत्मनिर्भता हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रक्षा शर्मा ने बताया कि एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण में छात्रों को स्वयं का नवीन उद्योग स्थापित करने की सम्पूर्ण जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षार्थियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ स्व-विकसित प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, बुधवार, 19 फरवरी 2020

8

# ऐश्वर्या कॉलेज में उद्यमिता विकास कार्यक्रम



**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।** ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलवार को उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीकी एवं परिचर्चा सत्रों का आयोजन हुआ। विषय विषेषज्ञों डॉ. एस. जिंदल, डा. सुनिल जोशी, आरुषि गोयल, सुनील लड्ढा ने व्यापारिक विपणन, बाजार जोखिम व रणनीति, आईपीआर, ट्रेडमार्क, व्यापारिक नीतियां एवं कानून, अनुसंधान, उद्यमिता के सिद्धांत, मूल्य, उद्यमिता के पथ पर अग्रसर होने की नीति, योजना एवं विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजिका डा. रक्षा शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक ज्ञान के साथ स्वविकसित प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। प्रशिक्षण में एकल अभिव्यक्ति, समूह-परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी होगी और औद्योगिक इकाइयों का अवलोकन कराया जाएगा। इस अवसर पर डा. एएन माथुर, डा. राशि माथुर, डॉ. रीना शर्मा उपस्थित थे।